## एक नजर में

### सांदीपनि विद्यालय साबाखेड़ा में प्रवेश उत्सव मनाया



**मंदसौर।** 1 अप्रैल 2026 को शासकीय सांदीपनि विद्यालय साबाखेड़ा में प्रवेश उत्सव मनाया गया इसके साथ ही नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 का आरंभ हुआ कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष नेपाल सिंह सिसोदिया, जनपद सदस्य बंशीलाल धनगर, ग्राम पंचायत साबाखड़ा के सरपंच परमानंद धनगर, युवा नेता राजेश गुर्जर लालघाटी, महामंत्री शिवनारायण गुर्जर, विधायक प्रतिनिधि शंभू लाल चौहान उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश शर्मा द्वारा की गई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा वंदना की गई उसके पश्चात संस्था के प्राचार्य विनीत अग्रवाल के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश शर्मा द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई बंसीलाल धनगर ने सभी छात्र-छात्राओं को नवीन शिक्षण सत्र की बधाई दी युवा नेता राजेश गुर्जर द्वारा सभी बच्चों को बधाई देते हुए बताया कि जिस प्रकार शासन ने सुविधा उपलब्ध कराई है उसे अनुसार आपको प?ाई करना है। विधायक प्रतिनिधि शंभू लाल चौहान द्वारा विधायक निधि से दो वाटर कूलर संस्था को देने की घोषणा की गई।कक्षा पहली छठी एवं नवमी में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का पुष्पहार पग?ी पहनकर सभी अतिथियों द्वारा स्वागत किया गया एवं निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया प्रधानाध्यापक रतनलाल चौहान एवं रजनी जाटव ने विद्यालय गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनीष बैरागी एवं रितिका श्रीवास्तव ने किया एवं आभार संस्था की उप प्राचार्य श्रीमती पारुल मंडलोई ने माना।कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को विशेष भोज दिया गया।

### बंजारी बालाजी मंदिर पानपुर में भव्य संगीतमय रामकथा का भव्य आयोजन

**पानपुर/नाहरगढ़।** चैत्र मास नवरात्रि महोत्सव एवं हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री रामचरितमानस का पारायण प्रतिदिन हवन एवं संगीतमय श्री रामकथा का भव्य आयोजन हुआ जिस में रामकथा के मर्मज्ञ पंडित राधेश्याम व्यास लदुसा कथा प्रवक्ता द्वारा कलियुग में रामकथा की महिमा,राम नाम का महत्व, भगवान शिव पार्वती विवाह कथा, भगवान राम जन्मोत्सव की कथा, भगवान सीतराम विवाह प्रसंग, केवट प्रसंग, भरत चरित्र, जटायु प्रसंग, शबरी कथा प्रसंग, हनुमान जी द्वारा लंका दहन कथा एवं कुंभकरण मेघनाद, रावण वध की कथा चौपाइयां एवं भजन के द्वारा श्रोता को भाव विभोर कर दिया।कथा की पूर्णाहुति हवन प्रसादी वितरण हुआ।कथा आयोजक श्री बंजारी बालाजी मंदिर समिति बसंत शर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत मंदसौर, अंशुल बैरागी, मंदिर समिति अध्यक्ष सरपंच चैन सिंह पानपुर, सचिव मन्नालाल राठौर, राम लक्ष्मण राठौर बंजारी बालाजी रेस्टोरेंट, मुरली प्रजापत, भेरूसिंह परिहार, नरोत्तम शर्मा, नानालाल धनगर, दौलत सिंह गौड़, हिरासिंह डाभी, महेश धनगर, शिवमंगल सिंह वाघेला, पुजारी महावीर जी दास एवं तरुण उपाध्याय एव समस्त मंदिर समिति पानपुर ग्रामवासी क्षेत्रवासी का योगदान सराहनीय रहा। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 2 अप्रैल को विशाल धर्मसभा एवं भव्य भंडारे का आयोजन होगा।उपरोक्त जानकारी मंदिर समिति सचिव मन्नालाल राठौर द्वारा दी गयी।

# पुस्तक मेले में प्रमुख स्टालों पर अभिभावकों की लगी रही भीड़

- कलेक्टर गर्ग ने संजय गांधी उद्यान में पुस्तक मेले का किया उद्घाटन
- पुस्तक बैंक में अभिभावक और विद्यार्थी बढ़-चढ़कर कर रहे पुस्तकों का दान



**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग ने संजय गांधी उद्यान (पं. मदनलाल जोशी सभागृह) में आयोजित पुस्तक मेले का शुभारंभ किया।**

यह पुस्तक मेला 5 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 8 बजे तक लगाया जाएगा। मेले में विभिन्न पुस्तक विक्रेताओं द्वारा लगभग 20 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां शैक्षणिक पुस्तकों, कॉपियों और अन्य सामग्री पर विशेष छूट दी जा रही है। निजी प्रकाशनों की पुस्तकों पर 15 फीसदी, कॉपियों पर 30 फीसदी शैक्षणिक सामग्री पर 10 फीसदी की छूट उपलब्ध है। एनसीईआरटी की पुस्तकें नेट रेट पर प्रदान की जा रही हैं। साथ ही करियर काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

मेले में स्थापित पुस्तक बैंक विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसमें विद्यार्थी एवं अभिभावक स्वप्रेरणा से अपनी पुरानी पुस्तकें दान कर रहे हैं। 'अपना घर' की बालिकाओं द्वारा 11वीं, 9वीं एवं द्वितीय कक्षा की पुस्तकें दान की गईं, जिस पर कलेक्टर ने उनकी सराहना करते हुए बधाई दी।

कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने निर्देश दिए कि पुस्तक बैंक में पुस्तकों का व्यवस्थित प्रदर्शन किया जाए तथा कक्षा-वार रैक बनाकर उन्हें सजाया जाए, जिससे जरूरतमंद विद्यार्थियों को आसानी से पुस्तकें उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने बताया कि मेले में एमपी बोर्ड, सीबीएसई एवं एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की सभी प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त स्कूल बैग, यूनिफॉर्म एवं अन्य आवश्यक सामग्री भी उचित दरों पर उपलब्ध कराई जा रही है। नए शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सुलभ दरों पर सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है।

कलेक्टर ने जिले के अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वे पुस्तक मेले का अधिक से अधिक लाभ लें तथा नई कक्षा में प्रवेश करने वाले विद्यार्थी अपनी पुरानी पुस्तकें पुस्तक बैंक में दान कर जरूरतमंद बच्चों की सहायता करें।

# नियमित उपस्थिति से ही प्राप्त किए जा सकते हैं बेहतर परिणाम : भावसार

**मंदसौर।** उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में क्षेत्रीय पार्षद सुनीता भावसार के मुख्य अतिथि और प्राचार्य रविंद्र कुमार दवे की अध्यक्षता में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भावसार ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह उत्कृष्ट विद्यालय है यहां आज से ही नियमित पढ़ाई प्रारंभ हो रही हैं, नियमित उपस्थिति से ही श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त किया जा सकते हैं।

समाज और अभिभावकों की अपेक्षा होती है कि हमारे बच्चों को उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश मिले और आप सब सौभाग्यशाली हैं कि आपका बच्चों को उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश मिल रहा है।सरकार की शासन की सभी योजनाओं का लाभ उत्कृष्ट विद्यालय को भी मिलता है यहां पर बालक और बालिकाओं के लिए अलग-अलग छात्रावास की सुविधा भी है आप सब विद्यालय के साथ मिलकर विद्यार्थियों के सर्वज्ञ विकास के लिए सतत तैयार रहे में जनप्रतिनिधि के रूप में सदैव आपके साथ रहूंगी इसके पूर्व पर मंगल तिलक लगाकर नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया गया उन्हें पुष्प माला पहनाई गई साथ ही अतिथियों के द्वारा पुस्तकों का वितरण भी किया गया कक्षा नवी एवं 11वीं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को माला पहनकर एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया माननीय मुख्यमंत्री महोदय का शुभकामना संदेश विद्यार्थियों को सीधे प्रसारण के माध्यम से दिखाया गया एक प्रेरक स्टोरी भी विद्यार्थियों को दिखाई गई जो विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित करती है एवं शासन की योजनाओं का लाभ कैसे ले सकते हैं विद्यार्थियों के हित के लिए शासन ने स्कूटी वितरण कार्यक्रम निशुल्क पुस्तक एवं साइकिल वितरण की योजना भी बनाई है।

स्वागत भाषण प्राचार्य रविंद्र कुमार दवे तथा संचालन आशीष बंसल तथा आभार अनिल जैन ने व्यक्त किया कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक बाबूलाल जोशी, ममता मोदी, विजय जोशी, हरीश परिहार, सुरभि शर्मा, सुरेश धाकड़, दिनेश दास बैरागी, पंकज नेनवानी, नीरज पवार, खुशबू शर्मा एवं उत्कृष्ट विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# पति पर जानलेवा हमला करने वाली पत्नी गिरफ्तार

**मंदसौर।** शामगढ़ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के भीतर पति को बेहोश कर उस पर जानलेवा हमला करने वाली पत्नी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता कुरील तथा एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में की गई। थाना प्रभारी शामगढ़ उप निरीक्षक रविन्द्र प्रताप डांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार किया।

**घटना का विवरण**-दिनांक 31 मार्च 2026 को फरियादी सूरजसिंह (उम्र 19 वर्ष), निवासी ग्राम विशन्या, थाना शामगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पत्नी मनीषा ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे बेहोश कर दिया। इसके बाद उसके दोनों हाथ पीछे बांध दिए और मुंह पर कपड़ा बांधकर जान से मारने की नीयत से कपड़ा काटने वाली कैंची से सीने, गले, कंधे और पीठ पर वार कर गंभीर चोटें पहुंचाईं।

फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 109(1), 123 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी मनीषा (उम्र 19 वर्ष), निवासी ग्राम विशन्या, थाना शामगढ़ को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि मामले की जांच जारी है।

**सराहनीय भूमिका**-इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप डांगी, उप निरीक्षक शारदा प्रसाद तिवारी, प्रधान आरक्षक धनपाल जाट, महिला आरक्षक रितु सोनी, आरक्षक विशाल सिंह सहित पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

**एक नजर** ▶ हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# बालाजी चल समारोह में उमड़ा आस्था का सैलाब

**मंदसौर।** नगर में बुधवार को भगवान तलाई वाले बालाजी का भव्य एवं आकर्षक चल समारोह धूमधाम से निकाला गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान पूरे मार्ग पर भक्तिमय वातावरण देखने को मिला और जय श्री बालाजी के जयकारों से नगर गुंजायमान हो उठा।

चल समारोह में सजे-धजे बैंड-बाजों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु, विशेष रूप से महिलाएं, नृत्य करते हुए आगे बढ़ रही थीं। लाल व पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित महिलाओं की टोलियों ने जुलूस की शोभा बढ़ा दी। वहीं, विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकला, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए पानी, प्रसादी एवं अन्य व्यवस्थाएं भी की गई थीं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन एवं आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। इस भव्य आयोजन ने नगर में धार्मिक उत्साह और एकता का संदेश दिया, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।





## नीमच

## एक नजर में

### बालागंज-पानमाता सड़क का भूमिपूजन, क्षेत्र को मिलेगी विकास की नई रफ्तार



**मनासा।** क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।मनासा विधानसभा क्षेत्र में बालागंज से पानमाता तक बनने वाली नई सड़क का भूमिपूजन विधायक अनिरुद्ध माधव मारू की अध्यक्षता में विधि-विधान से संपन्न हुआ।इस सड़क निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होने के साथ ही ग्रामीण विकास को भी नई दिशा मिलेगी। यह सड़क लगभग 3.80 किलोमीटर लंबी होगी, जिसका निर्माण 376.06 लाख की लागत से किया जाएगा। भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत स्वीकृत यह परियोजना क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही है। सड़क बनने से न केवल यात्रा आसान होगी, बल्कि व्यापार, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। जिला पंचायत सदस्य धापुबाई-श्यामलाल वसीटा, जनपद सदस्य कैलाश कारपेंटर, बालागंज सरपंच जगदीश ओड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है।विधायक श्री मारू के नेतृत्व में लगातार सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे दूर-दराज के गांवों को भी बेहतर सुविधाओं से जोड़ा जा सके। नई सड़क की सौगात मिलने पर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और उन्होंने जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कलेक्टोरेट में सामूहिक राष्ट्रगान और वंदे मातरम् का गायन



**नीमच।** कलेक्टर कार्यालय नीमच में बुधवार को सामूहिक राष्ट्रगान और वंदे मातरम का गायन किया गया।राष्ट्रगॉन, म.प्र.गान एवं वन्देमातरम का गायन डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम.एस.मांगरिया तथा जिला अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से राष्ट्रगॉन, वंदे मातरम एवं म.प्र.गॉन का गायन किया।तदपश्चात अप्रेल माह में शासकीय कार्यो की शुरूआत की गई।इस अवसर पर कलेक्टोरेट, राजस्व, भू-अभिलेख, श्रम, सहकारिता विभाग, शिक्षा, कोषालय, जनसंपर्क कार्यालय, शहरी विकास अभिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# नीमच की विशेष उपलब्धि प्राप्त महिलाओं का सम्मान समारोह

**नीमच। जेएसजी उड़ान के मिडिया प्रभारी ने जानकारी में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में संकल्प से शिखर तक पहुंची शहर की इन सशक्त छात्राओं एवं महिलाओं का सम्मान करने के लिए जेएसजी उड़ान ग्रुप नीमच द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन दिवाकर भवन पर किया गया। जिसमें शहर की 14 विशेष उपलब्धि प्राप्त महिलाओं का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया।**



उसमें तीन छात्राएं कनकश्री धरवाल, स्तुति अग्रवाल, एवं अस्मी कटारिया ने तैराकी में, स्टेट, नेशनल, एवं इन्टरनेशनल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई सारे गोल्ड, सिल्वर, एवं ब्रोंज मेडल्स प्राप्त किए।

यह उपलब्धि इन नन्ही जल परियों ने पिछले 10 वर्षों से लगातार 07-08 घंटे प्रतिदिन की कड़ी मेहनत करते हुए पेंटाथलान (पंच क्रिडा) तलवार चलाना, दौड़ना, कुश्ती, भाला फेंक, घुड़सवारी, कर के अपने आप को सम्पूर्ण एथलीट बनाया है। इसी प्रकार दो छात्राएं खुशी पाल सिंह, एवं दिव्यल यादव ने बास्केटबॉल में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परचम फहराया एवं गोल्ड, सिल्वर, और ब्रोंज मेडलों की तथा प्रमाण पत्रों की झड़ी लगा दी

नीमच शहर की परिधि अग्रवाल नार्वे की नेशनल क्रिकेट टीम से कई देशों की क्रिकेट स्पर्धाओं में स्पिनर के रूप में परचम फहरा कर नीमच का नाम गौरवान्वित कर रही है। डॉ. ओशिन शर्मा पी.जी. आर्कियोलाजी में विक्रम युनिवर्सिटी से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर गोल्ड मेडल हांसिल किया। पुरातत्व में ही पीएच.डी. भी हासिल कर प्रथम महिला आर्कियोलॉजिस्ट(पुरातत्वविद्) बन कर विशेष उपलब्धि प्राप्त की।

श्रीमती विनिता डावर ने तो शादी के बाद, संयुक्त परिवार एवं बच्चों की ज़िम्मेदारी का निर्वहन करते हुए एम.ए. किया, एवं प्रबंधन में पीएच.डी. की, और एम.काम. मे विक्रम युनिवर्सिटी में मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हांसिल किया।

समाज की दो तपस्विनी बहनों श्रीमती भावना जी वया (18 वर्षीतप) एवं श्रीमती लता जी बोकड़िया (10 वर्षीतप) इसके साथ ही अनेक छोटी बड़ी तपस्याएं कर तप के क्षेत्र में प्रेरणा स्त्रोत बनी।

श्रीमती टीना जी सहलोत जो पिछले 15 वर्षों से अपने निवास स्थान पर धार्मिक पाठशाला संचालित कर रही है आपके द्वारा ना सिर्फ जैन बल्कि अजैन बच्चों को भी जैन धर्म की शिक्षा एवं संस्कार प्रदान किये जा रहे है।इसी प्रकार प्रीति जैन द्वारा एच.आई.वी.द्वारा फैलने वाली एड्स जैसी भयावह बीमारी के मरीजों को एवं कई संस्थाओं को इस बीमारी होने के कारण, एवं बचाव हेतु परामर्श प्रदान कर रही है।

पारुल जैन यू.पी.एस.सी. क्लियर कर के वर्तमान में वरिष्ठ वित्त प्रबंधक रेल्वे अहमदाबाद में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। श्रीमती संयुक्ता आंजना ने योगा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि पतंजलि योग विश्वविद्यालय हरिद्वार से प्राप्त करके योग भगाएं रोग को अपना मिशन बनाकर हजारों लोगों को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वस्थ्य लाभ प्रदान कर रही है।



# शा.उ.मा.वि.सी.आर.पी.एफ.नीमच में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

**नीमच।** स्कूल चले हम अभियान 'अंतर्गत शाउ माविसीआरपीएफ नीमच में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम किया गया। साथ ही नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद वीरेन्द्र पाटीदार ने इस अवसर पर कहा कि आज शिक्षा की नई उम्मीदें का तात्पर्य है कि आज की शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं रही बल्कि बच्चों एवं युवाओं को बेहतर भविष्य, रोजगार, तकनीक और संस्कार देने की ओर बढ़ रही है। विद्यालय का वातावरण हमें प्रेम और सम्मान की भावना सिखाता है।

इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व स्टॉफ सदस्य पारसमल जौहरी ने अपने उद्बोधन में कहा, कि प्रवेशोत्सव विद्यालय में केवल नए बच्चों का स्वागत करने का माध्यम ही नही बल्कि यह शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को हर छात्र तक पहुंचाने एवं समुदाय को शिक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने की एक प्रभावी पहल है।

प्राचार्य श्री ज्ञानवर्धन श्रीवास्तव ने कहा, कि हमारा विद्यालय हमारा परिवार है क्योंकि स्कूल हमें पढ़ाई ही नहीं सिखाता बल्कि अच्छे संस्कार, दोस्ती और जीवन जीने का तरीका सिखाता हैं। अतिथियों द्वारा सर्वाधिक उपस्थिति एवं सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया एवं समस्त विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।कार्यक्रम का संचालन वर्षा गोयल एवं आभार प्रदर्शन श्री एम.एल.वर्मा द्वारा किया गया। यह जानकारी प्राचार्य श्री ज्ञानवर्धन श्रीवास्तव ने दी है।

**एक नजर** ▶ जीरन के शा.कन्या उ.मा.वि.में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

# छात्रों को नि:शुल्क किताब-कॉपियां और साईकिलें वितरित

**नीमच।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जीरन में बुधवार को 'स्कूल चलें हम' अभियान के अंतर्गत 'जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2026 आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव ने दीप प्रज्जवलित कर, मां सरस्वती का पूजन कर किया।



प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया एवं नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक एवं 52 विद्यार्थियों को नि:शुल्क साईकिलें वितरित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिह चौहान ने उदबोधन में कहा, कि आज के बेटे- बेटियां कल का भविष्य है।शासन की मंशा है, कि संसाधनों की कमी से बेटियों की पढाई में बाधा न आये, बेटे-बेटियां मन लगाकर पढें एवं अपने माता-पिता, ग्राम एवं जिले का नाम रोशन करें। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने अपने उदबोधन में कहा, कि बच्चें अपना भविष्य पढाई के माध्यम से ही बदल सकते है उन्होंने शिक्षकों को भी पूर्ण निष्ठा एवं लगन से अध्यापन करवाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसडीएम नीमच श्री संजीव साहू ,जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम. मांगरिया, जिला परियोजना समन्वयक श्री दिलीप कुमार व्यास,सहायक परियोजना समन्यवय श्री नरेश जोशी, बीआरसी योगेश कंडारा, संकुल प्राचार्य श्री मनोज कुंती, श्री मदन गुर्जर, श्री राजू मुकाती, श्री मुकेश तावड़े, श्री किशन अहिरवार आदि बड़ी संख्या में अभिभावक छात्र-छात्राएं विद्यालय स्टॉप उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रथुपालसिह पंवार ने किया तथा आभार प्राचार्य श्री भोपाल सिह चौहान ने माना।